might form a cooperative Housing Society which could be given loans as admissible and other reasonable facilities. There was no response.

अविलम्ब एक्सप्रेस टेलीफोन ट्रंक सेवा आरम्भ करना और राज्यों की राजधानियों और दिल्ली के बीच डायल घुमा कर सीधे टेलीफोन करने की व्यवस्था आरम्भ करना

5542. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडे :**
श्री अर्जुन सेठी :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) किन-किन लाइनों पर अविलम्ब/एक्सप्रेस टेलीफोन ट्रंक सेवा की व्यवस्था की गई है और आगामी वर्ष में किन-किन लाइनों पर इस सेवा की व्यवस्था की जायेगी ;

(ख) राज्यों की उन राजधानियों के नाम क्या हैं जिनके साथ अब तक दिल्ली से सीधे टेलीफोन करने की व्यवस्था नहीं की गई है ; और

(ग) दिल्ली और राज्यों की राजधानियों के बीच सीधे टेलीफोन करने की व्यवस्था कब तक की जायेगी ?

संचार मंत्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा) : (क) तुरन्त ट्रंक काल बुक करने की सुविधा ऐसे सभी एक्सचेंजों में उपलब्ध हैं जो ट्रंक केन्द्र के रूप में काम कर रहे हैं। यह सुविधा भविष्य में खोले जाने वाले सभी ट्रंक केन्द्रों में भी उपलब्ध होगी। मांग पर ट्रंक सेवा अब तक निम्नलिखित मांगों पर चालू की गई है।

(1) बंगलोर-बम्बई
(2) कलकत्ता-दिल्ली
(3) इलाहाबाद-दिल्ली
(4) कलकत्ता-आसनसोल
(5) बम्बई-बंगलोर
(6) अर्नाकुलम-कोइम्बटूर
(7) आसनसोल-कलकत्ता

(ख) विभिन्न राज्यों और संघीय क्षेत्रों की निम्नलिखित राजधानियों के लिए दिल्ली के साथ उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग सेवा नहीं दी गई हैं :—

(1) अगरतला (2) बंगलोर (3) भोपाल (4) भुवनेश्वर (5) बम्बई (6) कलकत्ता (7) गांधीनगर (8) हैदराबाद (9) इम्फाल (10) मद्रास (11) पंजिम (12) पॉंडिचेरी (13) शिलांग (14) त्रिवेन्द्रम

(ग) दिल्ली से इन सभी स्थानों के लिए उपभोक्ता ट्रंक डायलिंग सेवा उत्तरोत्तर पांचवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक चालू होने की संभावना है।

कार्यालयों में प्रयोग में लाये जाने वाले करारों आदि का अनुवाद

5543. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडे :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गृह मंत्रालय ने भारत सरकार के सभी मंत्रालयों से उनके कार्यालयों तथा उनके अन्तर्गत हिन्दी भाषी क्षेत्रों में स्थित कम्पनियों और निगमों के प्रयोग में आने वाले करारों, ठेकों, लाइसेंसों, परमिटों तथा नोटिसों के प्रपत्रों का अनुवाद कराने की व्यवस्था करने के लिये तुरन्त कार्यवाही करने हेतु कहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या प्रगति हुई है ?

गृह मंत्रालय और कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) : (क) जी, हां।

(ख) सूचना एकत्रित की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

Chief British Negotiator's Proposition to Commonwealth Developing Countries to seek association with E.C.M.

5544. SHRI BHOGENDRA JHA : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased